


**PRESS RELEASE**

**DEMOCRATIC INSTITUTIONS CAN REMAIN STRONG AND RELEVANT WHEN THEY ARE TRANSPARENT, INCLUSIVE, RESPONSIVE AND ACCOUNTABLE TO PEOPLE: LOK SABHA SPEAKER/लोकतांत्रिक संस्थाएँ तभी सशक्त और प्रासंगिक होंगी, जब वे पारदर्शी, समावेशी, उत्तरदायी और जनता के प्रति जवाबदेह हों: लोक सभा अध्यक्ष**

**…**

**28TH CSPOC WITH HISTORIC PARTICIPATION STRENGTHENED THE PROUD LEGACY OF DEMOCRATIC DIALOGUE: LOK SABHA SPEAKER/ऐतिहासिक सहभागिता के साथ आयोजित 28वें सीएसपीओसी ने लोकतांत्रिक संवाद की गौरवशाली परंपरा को और सुदृढ़ किया: लोक सभा अध्यक्ष**

**…**

**28TH CSPOC CONCLUDES IN NEW DELHI WITH RENEWED COMMITMENT TO MAKE DEMOCRATIC INSTITUTIONS MORE PEOPLE CENTRIC/28वाँ सीएसपीओसी नई दिल्ली में लोकतांत्रिक संस्थाओं को अधिक जन-केंद्रित बनाने की नवीकृत प्रतिबद्धता के साथ संपन्न**

**…**

**LOK SABHA SPEAKER HANDS OVER THE CHAIRMANSHIP OF 29TH CSPOC TO RT. HON. SIR LINDSAY HOYLE, SPEAKER OF THE UK HOUSE OF COMMONS/लोक सभा अध्यक्ष ने 29वें सीएसपीओसी की अध्यक्षता यूनाइटेड किंगडम के हाउस ऑफ कॉमन्स के अध्यक्ष माननीय सर लिंडसे होयल को सौंपी**

**…**

**TECHNOLOGY, INCLUSION AND GLOBAL PARTNERSHIPS WOULD SHAPE THE NEW WORLD ORDER: LOK SABHA SPEAKER/प्रौद्योगिकी, समावेशन और वैश्विक साझेदारियाँ नई विश्व व्यवस्था को आकार देंगी: लोक सभा अध्यक्ष**

**…**

**New Delhi; 16 January 2026:** The 28th Conference of Speakers and Presiding Officers of the Commonwealth (CSPOC), which was inaugurated by Prime Minister Shri Narendra Modi on Thursday concluded today with a renewed commitment to make democratic institutions more people centric. Lok Sabha Speaker Shri Om Birla delivered the valedictory address at the three-day conference. During the valedictory session, Lok Sabha Speaker handed over the chairmanship of 29th CSPOC to the Rt. Hon. Sir Lindsay Hoyle, Speaker of the

UK House of Commons, and wished him best for the success of the next CSPOC in London.

On this occasion, Shri Birla noted that democratic institutions can remain strong and relevant when they are transparent, inclusive, responsive and accountable to people. He observed that transparency fosters public trust by ensuring openness in decision-making, while inclusivity guarantees that every voice—especially those on the margins—is heard and respected in the democratic process. Together, these principles sustain the legitimacy of democratic institutions and strengthen the enduring bond between the citizen and the State, he opined.

Recalling the vision behind the establishment of CSPOC, 56 years ago, Shri Birla said that the Conference was conceived to ensure continuous dialogue among democratic legislatures of the Commonwealth and to explore new ways of enhancing parliamentary efficiency and responsiveness. He stated that the 28th CSPOC had carried this legacy forward with renewed vigor and substance. The unprecedented participation of the largest number of countries in CSPOC's history was highlighted by the Speaker as a defining feature of this Conference. This wide and inclusive representation, he said, would ensure that the New Delhi Conference is remembered as a significant milestone in the history of Commonwealth parliamentary cooperation.

Reflecting on the substantive sessions of the Conference, Shri Birla noted that discussions on responsible use of Artificial Intelligence in Parliaments, the impact of social media, citizen engagement beyond elections, and the health and well-being of Members of Parliament and parliamentary staff were particularly thought-provoking. These deliberations, he said, helped Presiding Officers gain greater clarity about their evolving roles and responsibilities at a critical juncture where democratic traditions intersect with rapid technological change. He highlighted that technology, inclusion and global partnerships would shape the new world order. He expressed confidence that the bilateral meetings and informal interactions held during the Conference had further strengthened bonds of friendship and understanding among member countries.

Shri Birla expressed deep appreciation for the active participation, enthusiasm and constructive spirit of all delegations, which made the Conference both meaningful and memorable. He observed that the discussions reflected the enduring relevance of CSPOC as a unique platform for collective reflection on making Parliaments more people-centric, accountable and effective.

Lok Sabha Speaker also conveyed heartfelt gratitude to the Prime Minister Shri Narendra Modi for inaugurating the Conference at the historic Constitution House and for his inspiring address, which eloquently highlighted India's rich democratic heritage and its steadfast commitment to standing by the global community in times of challenge. He also acknowledged the valuable presence and contributions of the President of the Inter-Parliamentary Union and the Chairperson of the Commonwealth Parliamentary Association, whose participation further enriched the deliberations.

Shri Birla also expressed sincere thanks to the Hon'ble Vice-President of India for taking time to interact with the Presiding Officers attending the Conference. The

Speaker conveyed best wishes to the Rt. Hon. Sir Lindsay Hoyle, Speaker of the UK House of Commons, for the success of the next CSPOC, and extended good wishes to the host Presiding Officers of forthcoming Standing Committee meetings.

The 28th Conference of Speakers and Presiding Officers of the Commonwealth (CSPOC) concluded in New Delhi on a note of optimism, solidarity and renewed resolve to strengthen parliamentary democracy through dialogue, cooperation and innovation. The two-day Conference was marked by substantive, forward-looking deliberations held in an atmosphere of mutual respect, shared democratic values and positive engagement.

……………………….

FOREMOST DUTY OF PRESIDING OFFICERS IS TO CONTINUOUSLY ADAPT DEMOCRATIC INSTITUTIONS TO CONTEMPORARY NEEDS WHILE REMAINING ANCHORED IN CONSTITUTIONAL VALUES: LOK SABHA SPEAKER

CONSENSUS AND DISSENT ARE BOTH STRENGTHS OF DEMOCRACY: LOK SABHA SPEAKER

SHRI BIRLA CHAIRS SPECIAL PLENARY SESSION AT CSPOC 2026

Earlier in the day, Chairing the Special Plenary Session, Shri Birla observed that modern democracies face both unprecedented opportunities and complex, multi-dimensional challenges. He emphasized that the foremost duty of Presiding Officers is to continuously adapt democratic institutions to contemporary needs while remaining anchored in constitutional values. He noted that the true relevance of Parliaments lies in their ability to respond to citizens' expectations and aspirations, ensuring that debates and deliberations lead to meaningful solutions to public concerns. Enhanced discussion, he stated, directly contributes to greater transparency, accountability and strengthened public trust in legislatures.

Shri Birla remarked that consensus and dissent are both strengths of democracy, but must be expressed within the framework of parliamentary propriety. In this context, the role of the Presiding Officer was described as decisive in safeguarding the dignity of the House, ensuring impartiality and reinforcing institutional credibility. He stressed that Parliaments belong to the people and must provide space for the voices of all sections of society, including the last person in the social hierarchy. Ensuring wider participation of Members in debates, balanced use of House time and fair opportunity to all sides, he said, are essential responsibilities of the Chair.

Shri Birla drew attention to the growing expectations of citizens in the age of digital transformation and information revolution. He noted that initiatives such as e-Parliament, paperless functioning and digital databases have enhanced transparency, efficiency and responsiveness of legislatures. Responsible use of

technology, including for linguistic inclusion, is a key enabler of more citizen-centric Parliaments, he noted.

Shri Birla emphasized the pivotal role of Parliamentary Standing Committees, often described as “mini-Parliaments,” noting that their scrutiny of the Budget and other legislative proposals sets a high standard of parliamentary oversight. He urged Presiding Officers to constitute and further strengthen these Committees to enhance the effective functioning of Parliament. He also stressed that the process of legislative drafting must be closely supervised by Presiding Officers, as parliamentary laws have a direct and far-reaching impact on the lives of citizens. Additionally, he called upon people’s representatives to raise public concerns in a disciplined, constructive and responsible manner.

**नई दिल्ली; 16 जनवरी 2026:** प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा गुरुवार को उद्‌घाटित राष्ट्रमंडल के अध्यक्षों एवं पीठासीन अधिकारियों का 28वाँ सम्मेलन (सीएसपीओसी) आज लोकतांत्रिक संस्थाओं को और अधिक जन-केंद्रित बनाने की नवीकृत प्रतिबद्धता के साथ संपन्न हुआ। दो-दिवसीय इस सम्मेलन के समापन सत्र में लोक सभा अध्यक्ष श्री ओम बिरला ने समापन संबोधन दिया। समापन सत्र के दौरान लोक सभा अध्यक्ष ने 29वें सीएसपीओसी की अध्यक्षता यूनाइटेड किंगडम के हाउस ऑफ कॉमन्स के अध्यक्ष माननीय सर लिंडसे होयल को सौंपी तथा लंदन में आयोजित होने वाले अगले सीएसपीओसी की सफलता के लिए उन्हें शुभकामनाएँ दीं।

इस अवसर पर श्री बिरला ने कहा कि लोकतांत्रिक संस्थाएँ तभी सशक्त और प्रासंगिक बनी रह सकती हैं जब वे पारदर्शी, समावेशी, उत्तरदायी और जनता के प्रति जवाबदेह हों। उन्होंने कहा कि पारदर्शिता निर्णय-प्रक्रिया में खुलेपन को सुनिश्चित कर जनता के विश्वास को बढ़ाती है, जबकि समावेशन यह सुनिश्चित करता है कि लोकतांत्रिक प्रक्रिया में प्रत्येक आवाज़, विशेषकर समाज के हाशिये पर खड़े लोगों की सुनी जाए और उसका सम्मान हो। उनके अनुसार, ये सिद्धांत मिलकर लोकतांत्रिक संस्थाओं की वैधता को बनाए रखते हैं और नागरिक तथा राज्य के बीच स्थायी संबंध को सुदृढ़ करते हैं।

सीएसपीओसी की स्थापना के पीछे 56 वर्ष पूर्व की परिकल्पना को याद  करते हुए श्री बिरला ने कहा कि यह सम्मेलन राष्ट्रमंडल की लोकतांत्रिक विधायिकाओं के बीच सतत संवाद सुनिश्चित करने तथा संसदीय कार्यकुशलता और उत्तरदायित्व को बढ़ाने के नए उपायों की खोज के उद्देश्य से स्थापित किया गया था। उन्होंने कहा कि 28वें सीएसपीओसी ने इस विरासत को नई ऊर्जा और सार्थकता के साथ आगे बढ़ाया है। अध्यक्ष ने इस सम्मेलन की एक विशिष्ट विशेषता के रूप में सीएसपीओसी के इतिहास में सर्वाधिक देशों की अभूतपूर्व भागीदारी को रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि यह व्यापक और समावेशी प्रतिनिधित्व सुनिश्चित करेगा कि नई दिल्ली सम्मेलन को राष्ट्रमंडल संसदीय सहयोग के इतिहास में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि के रूप में स्मरण किया जाए।

सम्मेलन के  सत्रों पर चर्चा  करते हुए श्री बिरला ने कहा कि संसदों में कृत्रिम बुद्धिमत्ता के जिम्मेदार उपयोग, सोशल मीडिया के प्रभाव, चुनावों से परे नागरिक सहभागिता, तथा सांसदों और संसदीय कर्मचारियों के स्वास्थ्य एवं कल्याण जैसे विषयों पर हुई चर्चाएँ विशेष रूप से विचारोत्तेजक रहीं। उन्होंने कहा कि इन विमर्शों से पीठासीन अधिकारियों को उस महत्वपूर्ण दौर में अपनी विकसित होती भूमिकाओं और दायित्वों के बारे में अधिक स्पष्टता

मिली, जहाँ लोकतांत्रिक परंपराएँ तीव्र तकनीकी परिवर्तन से विकसित हो रही हैं। उन्होंने आशा व्यक्त की  कि प्रौद्योगिकी, समावेशन और वैश्विक साझेदारियाँ नई विश्व व्यवस्था को आकार देंगी। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि सम्मेलन के दौरान आयोजित द्विपक्षीय बैठकों और अनौपचारिक संवादों ने सदस्य देशों के बीच मित्रता और समझ के बंधन को और सुदृढ़ किया है।

श्री बिरला ने सभी प्रतिनिधिमंडलों की सक्रिय भागीदारी, उत्साह और रचनात्मक भावना के लिए गहन प्रशंसा व्यक्त की, जिसने सम्मेलन को सार्थक और स्मरणीय बनाया। उन्होंने कहा कि चर्चाओं से यह स्पष्ट हुआ कि संसदों को अधिक जन-केंद्रित, जवाबदेह और प्रभावी बनाने पर सामूहिक चिंतन के लिए सीएसपीओसी एक अद्वितीय मंच के रूप में आज भी प्रासंगिक है। उन्होंने ऐतिहासिक संविधान सदन में सम्मेलन का उद्घाटन करने और अपने प्रेरणादायी संबोधन के लिए प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के प्रति हार्दिक कृतज्ञता व्यक्त की, जिसमें भारत की समृद्ध लोकतांत्रिक विरासत और चुनौती के समय वैश्विक समुदाय के साथ खड़े रहने की उसकी दृढ़ प्रतिबद्धता को प्रभावशाली ढंग से रेखांकित किया गया। उन्होंने अंतर-संसदीय संघ के अध्यक्ष और राष्ट्रमंडल संसदीय संघ की अध्यक्ष की उपस्थिति और योगदान को भी सराहा, जिनकी सहभागिता से विचार-विमर्श और समृद्ध हुआ। उन्होंने भारत के माननीय उपराष्ट्रपति के प्रति भी आभार व्यक्त किया, जिन्होंने सम्मेलन में भाग लेने आए पीठासीन अधिकारियों से संवाद के लिए समय दिया। अध्यक्ष ने यूनाइटेड किंगडम के हाउस ऑफ कॉमन्स के अध्यक्ष माननीय सर लिंडसे होयल को अगले सीएसपीओसी की सफलता के लिए शुभकामनाएँ दीं तथा आगामी स्थायी समिति बैठकों के मेजबान पीठासीन अधिकारियों को भी शुभेच्छाएँ प्रेषित कीं।

राष्ट्रमंडल के अध्यक्षों एवं पीठासीन अधिकारियों का 28वाँ सम्मेलन (सीएसपीओसी) नई दिल्ली में संवाद, सहयोग और नवाचार के माध्यम से संसदीय लोकतंत्र को सुदृढ़ करने के प्रति आशावाद, एकजुटता और नवीकृत संकल्प के साथ संपन्न हुआ। दो-दिवसीय यह सम्मेलन परस्पर सम्मान, साझा लोकतांत्रिक मूल्यों और सकारात्मक सहभागिता के वातावरण में आयोजित ठोस, दूरदर्शी विमर्शों से चिह्नित रहा।

…………………………

पीठासीन अधिकारियों का प्रमुख दायित्व है कि वे समकालीन आवश्यकताओं के अनुरूप लोकतांत्रिक संस्थाओं को ढालें, साथ ही संवैधानिक मूल्यों में दृढ़ता से निहित रहें: लोक सभा अध्यक्ष

सहमति और असहमति; दोनों ही लोकतंत्र की विशिष्ट्ता  हैं: लोक सभा अध्यक्ष

सीएसपीओसी 2026 में श्री बिरला ने विशेष पूर्णाधिवेशन की अध्यक्षता की

इससे पहले  विशेष पूर्णाधिवेशन की अध्यक्षता करते हुए श्री बिरला ने कहा कि आधुनिक लोकतंत्र अभूतपूर्व अवसरों के साथ-साथ जटिल, बहुआयामी चुनौतियों का भी सामना कर रहे हैं। उन्होंने जोर दिया कि पीठासीन अधिकारियों का प्रमुख दायित्व है कि वे समकालीन आवश्यकताओं के अनुरूप लोकतांत्रिक संस्थाओं को निरंतर अनुकूलित करें, और साथ ही संवैधानिक मूल्यों में दृढ़ता से निहित रहें। उन्होंने कहा कि संसदों की वास्तविक प्रासंगिकता नागरिकों की अपेक्षाओं और आकांक्षाओं के प्रति उनकी प्रतिक्रिया-क्षमता में निहित है,

ताकि बहसें और विमर्श जन-समस्याओं के सार्थक समाधान तक पहुँचें। उनके अनुसार, व्यापक और गहन चर्चा सीधे तौर पर अधिक पारदर्शिता, जवाबदेही और विधायिकाओं में सार्वजनिक विश्वास के सुदृढ़ीकरण में योगदान देती है।

श्री बिरला ने कहा कि सहमति और असहमति-दोनों ही लोकतंत्र की शक्तियाँ हैं, किंतु इन्हें संसदीय मर्यादा के ढाँचे के भीतर व्यक्त किया जाना चाहिए। इस संदर्भ में, उन्होंने सदन की गरिमा की रक्षा, निष्पक्षता सुनिश्चित करने और संस्थागत विश्वसनीयता को मजबूत करने में पीठासीन अधिकारी की भूमिका को निर्णायक बताया। उन्होंने बल दिया कि संसदें जनता की हैं और समाज के सभी वर्गों; सामाजिक पदानुक्रम में अंतिम व्यक्ति सहित की आवाज़ के लिए स्थान उपलब्ध कराना चाहिए। उन्होंने कहा कि बहसों में सदस्यों की व्यापक भागीदारी सुनिश्चित करना, सदन के समय का संतुलित उपयोग और सभी पक्षों को समान अवसर देना, पीठ की अनिवार्य जिम्मेदारियाँ हैं।

श्री बिरला ने डिजिटल परिवर्तन और सूचना क्रांति के युग में नागरिकों की बढ़ती अपेक्षाओं की ओर भी ध्यान आकृष्ट किया। उन्होंने कहा कि ई-संसद, कागज-रहित कार्यप्रणाली और डिजिटल डाटाबेस जैसी पहलों से विधायिकाओं में पारदर्शिता, कार्यकुशलता और उत्तरदायित्व में वृद्धि हुई है। उन्होंने कहा कि भाषाई समावेशन सहित प्रौद्योगिकी का जिम्मेदार उपयोग अधिक नागरिक-केंद्रित संसदों के लिए एक प्रमुख सक्षमकर्ता है।

श्री बिरला ने संसदीय स्थायी समितियों की महत्वपूर्ण भूमिका पर बल देते हुए कहा कि इन्हें प्रायः "लघु संसद" कहा जाता है, तथा बजट एवं अन्य विधायी प्रस्तावों की जाँच-पड़ताल में उनकी भूमिका संसदीय पर्यवेक्षण का उच्च मानक स्थापित करती है। उन्होंने संसद के प्रभावी संचालन को सुनिश्चित करने के लिए पीठासीन अधिकारियों से इन समितियों के गठन और उन्हें और अधिक सशक्त बनाने का आह्वान किया। उन्होंने यह भी रेखांकित किया कि विधायी प्रारूपण की प्रक्रिया की पीठासीन अधिकारियों द्वारा सतत एवं सूक्ष्म निगरानी की जानी चाहिए, क्योंकि संसद द्वारा पारित कानूनों का नागरिकों के जीवन पर प्रत्यक्ष और दूरगामी प्रभाव पड़ता है। इसके अतिरिक्त, उन्होंने जनप्रतिनिधियों से आग्रह किया कि वे जनता की चिंताओं को अनुशासित, रचनात्मक और जिम्मेदार तरीके से सदन के समक्ष प्रस्तुत करें।